## संक्षिप्त

### संत पुरसनाराम का जन्मोत्सव मनाया

**सांभरझील** । देश की एकमात्र मुख्य पीठ सिंधी समाज की आस्था के प्रतीक संत पुरसनाराम का सिंधी मोहल्ला स्थित दरबार में जन्मोत्सव पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। चिकित्सक महेश वर्मा, चैयरमैन बालकिशन जांगिड़, ओपी दाममा, गोपाल मानकानी ने केक काट कर साई पुरसनाराम साहिब जन्म दिवस मनाया। प्रदीप साध व जया साध ने साई जी की मुख्य आरती की श्रद्धालुओं के लिए मंगल कामना की। इस मौके पर साथ प्रदीप ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रम मुक्त कर दिया। संत के भजन सुनकर लोग झूम उठे। आने वाले सभी श्रद्धालुओं को मिठाई खिलाई गई। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। आयशा को ने बताया कि शिविर में 185 लोगों को निशुल्क परामर्श दिया गया व जांच कर जरूरतमंद को दवाइयां भी दी गई।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कल

**श्रीमाधोपुर**। स्वर्गीय मक्खनलाल सैनी प्रिंसिपल राम प्रताप सांवरमल लड्डा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहरौली की प्रथम पुण्यतिथि पर शैक्षिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार 26 फरवरी को प्रातः 9 बजे से श्याम कल 4 बजे तक किया जाएगा। पप्पू पेंटर ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें ममता ब्लड बैंक चोमू की टीम द्वारा जाएगा । सैनी ने बताया कि इस विशाल रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ईस्ट मित्रों सहित आकर रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### 27 को शिविर

**पावटा**। भारतीय डाक विभाग जयपुर देहात मंडल की ओर से आधार सेवाओं के लिए 27 फ़रवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है । सहायक अधीक्षक डाक शाहपुरा उपखंड सुनील स्वामी ने बताया कि इस दिन प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक कोटपुतली, पावटा, प्रागपुरा, विराटनगर, शाहपुरा व मनोहरपुर डाकघरों में विशेष शिविर आयोजित होंगे, जिसमे आसपास के सभी नागरिक नए आधार कार्ड बनाने या उन्हें अद्यतन करवा सकते है । शाहपुरा व कोटपुतली डाकघरों में 2-2 आधार काउंटर संचालित रहेंगे। नागरिकों के सुविधा हेतु शाहपुरा उपखंड के डाकघरों में आठ आधार मशीने संचालित है ।

### आबिद खान को मिला बेस्ट सहायक अवार्ड

**टोंक**। टोंक निवासी आबिद खान जो बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय फिल्मो में काम कर जिले का नाम रोशन किया है, इन्हे राजस्थान एचीवर्स अवार्ड शो में बेस्ट सहायक कलाकार के खिताब से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में सेलिब्रेटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड अभिनेता राहुल रॉय, भोजपुरी अभिनेत्री नेहा एवं राजस्थानी कॉमेडियन पन्या सेपट ने आबिद खान को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर हिन्दी फिल्म सुपर-30 (ऋतिक रोशन) के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया।

### जिलाध्यक्ष ने संत देव यात्रा कर लिया आर्शीवाद

**टोंक**। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार संत देव दर्शन यात्रा के निमित टोंक विधानसभा क्षेत्र के दूधिया बालाजी, महामंडलेश्वर रामदास महाराज, संत कोमलराम, संत रामनिवास को श्रीफल सॉल, माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। चौहान ने इस अवसर पर कहां की आज वैश्विक पटल पर यदि सनातन संस्कृति गौरवान्वित हो रही है तो यह संतों की कृपा से ही हो पा रहा है। प्रयागराज महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता भी पूज्य संतों से ही है।

### युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**कोटपूतली**। राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक एवं जीवन दाता ब्लड बैंक में जनसेवक मुकेश गोयल की पहल पर जारी रक्तमणि अभियान के तहत मंगलवार को प्रफुल्ल रमन पुत्र रामौतार आर्य निवासी मौहल्ला बूचाहेड़ा कोटपूतली ने अपने बेटे लवी के द्वितीय जन्मदिन पर एवं यश बंसल पुत्र पदम बंसल, सार्थक गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता, हिमांशु अग्रवाल पुत्र मनोज अग्रवाल, मधुर गोयल पुत्र मुकेश गोयल निवासी कोटपूतली ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

# 'वृक्षारोपण अभियान में आमजन की सहभागिता से पौधारोपण सुनिश्चित करें'

**कोटपूतली**। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने की दृष्टि से ' हरियालो-राजस्थान मिशन ' के अन्तर्गत आगामी मानसून ऋतु में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्य करने हेतु एक्शन प्लान बनाने के संबंध में चर्चा कर जिले को मिले 15 लाख पौधारोपण के लक्ष्यानुरूप विभागवार वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटित किए गए एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि हरियालो राजस्थान अभियान में सभी विभाग जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाते हुये पौधारोपण कर उनकी देखभाल करते हुये हरित राजस्थान के




अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

सपने को साकार करें। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ उनकी वर्ष भर देखभाल व सुरक्षा की जिम्मेदारी से ही हरित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा। पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिये महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियों के भविष्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिये हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी होगी।

■ जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित

बैठक के दौरान वृक्षारोपण हेतु भूमि का चयन, पौधों की उपलब्धता, नर्सरियों में प्लांटेशन, उनकी देखभाल हेतु तारबंदी, ट्री गार्ड व फेंसिंग, पानी की व्यवस्था, सीएसआर के माध्यम से वृक्षारोपण, सडकों के किनारे उपयुक्त स्थान पर पौधारोपण पर चर्चा कर सीआईएसएफ, इको ग्रीन क्लब, एनजीओ, स्काउट, गाइड, सरकारी संस्थाओं, किसानों व आमजन की सहभागिता पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गये। उन्होंने किसानों के लिये फलदार व कमर्शियल पौधे तैयार कर उपलब्ध करवाने एवं खेतों की डोलियों (सीमा) पर लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी सरकारी संस्थानों, कार्यालयों, सीएचसी, पीएचसी, पुलिस चौकियों, स्कूल्स में अधिकाधिक पौधारोपण करें, अधिकारी अपने कर्मचारियों व शिक्षक बच्चों को प्रोत्साहित करें एवं ग्राम पंचायत को लक्ष्य आवंटित कर अधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु जागरूक करें।

इस दौरान डीएफओ राजेन्द्र हुड्डा ने समस्त विभागों को वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटित करते हुए अभियान कि सम्पूर्ण जानकारी दी। बैठक में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एएसपी वैभव शर्मा, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट एवं वन विभाग से डीएफओ जयपुर नॉर्थ देवेन्द्र प्रताप जागावत, आईएफएस कव्या, एसीएफ तरुण यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीम को किया सम्मानित

**श्रीमाधोपुर** । एसबीएन पीजी कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अर्जुन मीणा पुत्र विनोद कुमार मीणा निवासी निमेड़ा का शेखावाटी विश्वविद्यालय की खो-खो टीम में लगातार दूसरे वर्ष चयन होने पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल, सचिव इंजी. प्रदीप धायल, प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट, खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल,उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के ओमप्रकाश शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, श्रवण कुमार महला, दीपक सैनी, रसना सैनी, राजेंद्र सिंह बिजारणिया, धर्मेंद्रजीतरवाल, ज्योत्सना स्वामी, कमलेश सैनी, अनीश कुमार बंसल, अंतिमा शर्मा, झाबरमल चौधरी, मदनलाल सैनी, जितेंद्र कुमार निठारवाल, अनीता दुसाध,रेखा सैनी, मधु सैनी, चंद्रेश शर्मा, जयराम वर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 'जिस क्षेत्र के लोग शिक्षित होंगे, उस क्षेत्र का विकास कोई नहीं रोक सकता'

**पावटा**। कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद ललित गोयल ने शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुये कहा कि जिस क्षेत्र के लोग शिक्षित होंगे, उस क्षेत्र का विकास कोई नहीं रोक सकता। समारोह की अध्यक्षता भामाशाह बजरंग लाल चौधरी ने की। उन्होंने वार्षिकोत्सव में सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय में संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संदेशों का अनूठा समावेश देखने को मिला।

मुख्य वक्ता प्रमोद शर्मा ने कहा कि विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन के कारण वार्षिक समारोह 2025 न केवल



अतिथियों ने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों समेत सभी टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

एक रंगारंग कार्यक्रम बना, बल्कि यह संस्कृति, सामाजिक जागरूकता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक अनुपम संगम भी साबित हुआ। विशिष्ट अतिथि पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी, जेपी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया आदि ने इस भव्य आयोजन की सफलता पर स्कूल के छात्र छात्राओं को बधाई दी।

उप प्रधानाचार्य रामवतार कुमावत ने स्कूल के समग्र विकास और उत्कृष्टता की यात्रा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, बदलते हुए शैक्षिक दृष्टिकोणों के अनुरूप शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा केवल शैक्षिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक गोविंद सिंह शेखावत ने किया। प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों समेत सभी टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान व्याख्याता मालाराम यादव, निखिल गुप्ता, मुकेश यादव, प्रकाश कसाना, सुरेन्द्र चौधरी, धोलाराम जाट, जालिम सिंह, अरविंद शर्मा, मुकेश जाट, रेखा देवी, तारा जांगिड़, संजीता देवी, सुनिल कुमारी, रजनीबाला योगी, पुष्पा कुमारी, रजनी चौहान, धनी देवी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# 'समाज के विकास के लिए बालिका शिक्षा जरूरी'

**निवाई**। सनाढ्य ब्राह्मण समाज विकास समिति निवाई की कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमराज शर्मा खंडवा ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। संयोजक पण्डित रामफूल शर्मा ने बताया कि कार्यकारणी में आजीवन संरक्षक वेद्य सत्यनारायण मूंडिया, संयोजक रामफूल शर्मा, वरिष्ठ

■ समारोह में 3 लाख रूपए की सहायता राशि प्राप्त हुई

उपाध्यक्ष कुंदन खंडवा, निर्माण समिति अध्यक्ष रामरक्षपाल शर्मा, महामंत्री जितेंद्र जीवली, कोषाध्यक्ष सुनील मिश्रा रानोली, संगठन मंत्री कमलेश सोहेला व शुभम संग्रामपुरा, सह कोषाध्यक्ष नरेशकुमार शर्मा बरवाड़ा, उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा चैनपुरा, हनुमानप्रसाद शर्मा बासड़ा, बृजसुंदर शर्मा सिरस, रघुवीर शर्मा आलियाबाद, कार्यालय मंत्री रामबाबू जगसरा, प्रचार प्रमुख केसरलाल तामडिया, रामप्रसाद शर्मा हरचंदेडा, प्रवक्ता भंवरलाल पीटीआई, मीडिया प्रभारी डॉक्टर शिवराज शर्मा,



सनाढ्य ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारणी को शपथ दिलाई।

स्टोर प्रभारी राजेश धतूरी, विनोद निमोद, अध्यक्ष कार्मिक प्रकोष्ठ गिरीशतिवारी रुपाहेड़ी व सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा खंडवा को मनोनीत किया है।

निर्वाचन अधिकारी हनुमानप्रसाद शर्मा ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। समारोह में मुख्य अतिथि डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने कहा कि समाज के विकास के लिए बालिका शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षित महिला से दो परिवारों का विकास होता है। संत मनीषदास महाराज ने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है। मीडिया प्रभारी डॉ. शिवराज शर्मा ने बताया कि समारोह में 3 लाख रूपए की सहायता राशि प्राप्त हुई व सत्यनारायण झालोदा ने छात्रावास समिति को वाटरकूलर भेंट करने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महेश मिश्रा, निवर्तमान अध्यक्ष सत्यनारायण जामडोली, परशुराम इंटरनेशनल महासंघ के उपाध्यक्ष सर्वेशकुमार द्विवेदी, वैष्णव ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष मोतीलाल व स्वामी जीवली सहित समाज कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**खैरथल**। एग्रीस्टैक योजनांतर्गत किशनगढ़ बास के गांव दोगडा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारी कार्मिकों को ज्यादा से ज्यादा किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखें ताकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने किसानों से अपने परिचित किसानों को शिविर के बारे में जानकारी देने की अपील की और बताया कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे।

इस दौरान उन्होंने शिविरों में अब तक हुए पंजीकरण की जानकारी लेते

■ किसानों से कलेक्टर ने की वार्ता,किया यूनिक कार्ड बनवाने के लिए किया प्रेरित

हुए शिविर प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने राजस्व ग्रामों के लक्ष्यानुरूप पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समस्त किसानों का पंजीकरण करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार व व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने विद्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल से स्टाफ की जानकारी ली तथा स्कूल परिसर का अवलोकन किया और साफ सफाई एवं पौधारोपण को लेकर निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, तहसीलदार किशनगढ़ बास नरेंद्र सिंह भाटिया, नायब तहसीलदार हिमांशु मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नंदोत्सव के बधाई गीतों से श्याम मंदिर सत्संग स्थल गूंज उठा

**दौसा**। शहर के खाटू श्याम मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्तिमय वातावरण और आध्यात्मिक उल्लास का दिव्य संगम देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर नंद उत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से संपूर्ण मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया।

कथा के दौरान विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सलासर धाम के महंत श्री विष्णु दत्त जी और गेटालाव धाम के महंत ने अपनी पावन उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनकी उपस्थिति से श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का संचार हुआ।

कथा आयोजन में सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सौरभ पाटोदिया, जीतू जी, अमरेश जी, अभिषेक सर्राफ और महेंद्र जी हल्दिया सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने इस आध्यात्मिक आयोजन में भाग लिया



नंद उत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

और पुण्य लाभ अर्जित किया।

पूज्य महाराज आशीष जी व्यास ने इस अवसर पर श्रीराम कथा के पावन प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीराम के चरित्र से जीवन में मर्यादा, सत्य और धर्म के पालन की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम ने राजपाट छोड़कर 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया, जिससे युवाओं को माता-पिता और गुरु की आज्ञा का सम्मान करने की प्रेरणा मिलती है। भगवान राम ने धर्म के मार्ग पर चलने का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। लक्ष्मण जी की अपने बड़े भाई श्रीराम के प्रति सेवा और त्याग हर भाई-बहन के लिए आदर्श है।

श्रीराम ने रावण जैसे अहंकारी और अधर्मी राजा का अंत कर सत्य की विजय का मार्ग प्रशस्त किया। यह संदेश देता है कि सत्य की राह पर चलने वाले की सदैव विजय होती है।

नंद उत्सव के दौरान नंद बाबा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को यशोदा मैया को सुपुर्द करने की लीला को भक्तों ने श्रद्धा से मनाया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और नृत्य का आयोजन हुआ।

भक्तों ने भगवान के जन्म की इस आनंदमयी बेला को संपूर्ण भक्ति और प्रेम के साथ मनाया। महाराज श्री ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन की सार्थकता केवल भगवत प्राप्ति में ही है। उन्होंने अष्टम स्कंध के प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान हरि ने किस प्रकार गजेंद्र की रक्षा की। समुद्र मंथन से प्राप्त अमूल्य रत्न और माता लक्ष्मी का प्राकट्यय हुआ। राजा बलि के समक्ष भगवान वामन का विराट रूप प्रकट हुआ। महाराज जी ने कहा कि धन और वैभव की कोई सीमा नहीं होती, लेकिन सच्चा आनंद केवल ईश्वर की भक्ति में है।

### शिव मंदिर में होगी भजन संध्या

**देवली**। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में शहर के छतरी चौराहे स्थित शिव मंदिर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। भगवान शिव भक्त प्रेमचंद माली ने जानकारी में बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व एवं मेला भव्य रूप से छतरी चौराहे के शिव मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष पर भक्तगण श्रद्धालुओं के लिए जल एवं रोशनी और अल्पाहार आदि की पूर्ण व्यवस्था मंदिर कमेटी सदस्यों द्वारा रखी गई है । प्रेमचंद माली ने यह भी बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को प्रातः9:00 से मेला प्रारंभ होकर संध्या तक बना रहेगा । इस मौके पर ध्वज मुख्य बाजार में भ्रमण करते हुए अर्पण किया जाएगा। तो वही 27 फरवरी गुरुवार को मंदिर में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। शिवरात्रि पर्व के मध्य नजर छतरी चौराहे स्थित शिव मंदिर के मार्ग को आवागमन हेतु सुविधा युक्त करवाया गया है। शिवरात्रि के उपलक्ष पर 26 फरवरी बुधवार को भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। शिव भजन संध्या और श्री श्याम परिवार संस्था द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां पेश की जाएगी।

## सार-समाचार

### शिविर का समापन आज

**निवाई**। पूर्व मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार स्व. महावीरप्रसाद जैन की पुण्यतिथि पर अग्रवाल सेवा सदन निवाई में जिला स्तरीय निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी केएस पारीक ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन दिव्यांग जनों को 60 ट्राईसाईकिल, 25 व्हीलचेयर, 27 कृत्रिम हाथ पैर, 10 केलीपर, 90 श्रवण यंत्र, 28 बैसाखी व 40 छडी वितरित की गई। शिविर सयोजक जितेंद्र चंवरिया ने बताया कि शिविर में पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी, ओमप्रकाश गुप्ता टोक, विभाग प्रचारक चेतन्य, आरएसएस सेवा व्यवस्था प्रमुख दिनेश मणिरत्नम, भाजपा नेता रतनदीप गूर्जर, पूर्व पार्षद योगेश जैन, पार्षद पृथ्वीराज टाटावत, ओमप्रकाश ठेकेदार, मनोज पाटनी, डॉ. सीताराम स्वामी, राहुल आरामशीन, बार अध्यक्ष महेश शर्मा, राकेश चंवरिया व सुशील गिंदोडी ने शिविर मे पहुँच कर दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए। संयोजक गजेन्द्र चंवरिया ने बताया की शिविर से पूर्व 800 से अधिक दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया। जिनकी शिविर स्थल पर विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क जांच कर विभिन्न उपकरणों हेतु रजिस्टर्ड किया गया। जिन्हे शिविर में ही अतिथियों द्वारा उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि बुधवार को शिविर का समापन होगा।

### फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन

**पावटा**। उपखंड पावटा में फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत तुलसीपुरा, पंडितपुरा, पुरुषोत्तमपुरा सहित सभी पंचायत पर किया जा रहा है। तहसीलदार उपखंड पावटा संजय कुमार खेदड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। 1500 से अधिक किसानों ने शिविर के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है और निरंतर जारी है। किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण,उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण,प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक,उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। किसान अपने संबंधित ग्राम पंचायत पर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में निर्धारित तिथियों को प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### 12 साल बाद मिला रास्ता

**श्रीमाधोपुर**। ग्राम हांसपुर में 12 साल बाद कोर्ट के दखल से रास्ता मिला। न्यायालय उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर के आदेशों की पालना में मंगलवार को तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में पटवार मंडल हांसपुर के राजस्व ग्राम हांसपुर में प्रार्थी दिनेश पुत्र गोपाल मीणा को एसडीएम कोर्ट से अपनी खातेदारी भूमि में कृषि कार्य के लिए मिले रास्ते को जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त कर सुचारू करवाया गया। तहसीलदार ने बताया कि प्रार्थी दिनेश मीना के खेतों में आने जाने का कटानी रास्ता नहीं होने के कारण खातेदार द्वारा वर्ष 2013 में एसडीएम कोर्ट में वाद दायर किया था, जिसमें वर्ष 2023 में प्रार्थी के पक्ष में फ़ैसला आने के बावजूद अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थी खातेदार को रास्ता नहीं देने पर खातेदारों द्वारा इसकी शिकायत तहसील कार्यालय में की थी। शिकायती पत्र पर कार्रवाई करते हुए तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर न्यायालय आदेश की पालना में प्रार्थी के खेतों तक जाने के लिए पहुंच मार्ग उपलब्ध करवाया व अप्रार्थीगण को बिना सक्षम आदेश के रास्ते की यथास्थिति बनाए रखने हेतु पाबंद किया गया। वर्षों से बंद पड़े रास्ते के खुलने पर खातेदारों द्वारा पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

### 34 लाभार्थियों का पंजीकरण

**नारायणपुर** । कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को संयुक्त सहायता अनुदान योजनान्तर्गत ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह9:30बजे शुरू हुआ,जिसमें दिव्यांगजनों को यूडीआईडी एवं दिव्यांग चिन्हीकरण उपकरण प्रदान करने के लिए पंजीकरण किया गया।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विपिन ने बताया कि इस शिविर में34दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया है,जिन्हें जल्द ही कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाना है,ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।इस दौरान सामाजिक सुरक्षा अधिकारी संसार सागर ने दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार दिव्यांग व्यक्तियों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है,जिनका लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्तियों को आगे आना चाहिए।शिविर में नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह,डॉ. गोकुल गिठाला,डॉ. नवीन यादव,डॉ. देवेन्द्र कुमार,डॉ. अमित कुमार,कनिष्ठ सहायक मुकेश चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**निवाई**। सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर विधानसभा में की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल के बाहर मंत्री गहलोत का पुतला फूंककर नारेबाजी करके विरोध प्रदर्शन किया। किसान नेता श्रीराम चैधरी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हटधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा कही गई अशोभनीय टिप्पणी निंदनीय है। इससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस नेता प्रदीप पारीक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जिनका लोहा पूरा विश्व मानता है उनके लिए ऐसी टिप्पणी करना अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मीणा ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल पर कैबिनेट मंत्री गहलोत का पुतला फूंककर गहलोत मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### कलश यात्रा निकाली

**शाहपुरा** । गांव कुम्भवास में हीरामल कालश जी महाराज के पाटोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन मंगलवार को कलश यात्रा से शुरू हुआ। बुधवार को सुबह 7:15 बजे से 11 कुण्डीय यज्ञ शुरू होगा जो 27 फरवरी को समापन होगा। इस दौरान मंदिर को विशेष फूलों से सजाया जाएगा। हीरामल के गोठियों के द्वारा रात्रि जागरण किया जाएगा। मंगलवार को कलश यात्रा श्री सीताराम जी मंदिर से रवाना होकर विभिन्न स्थानों से होती हुई कलश यात्रा हीरामल के मंदिर पर पहुंची जहां पर कलश यात्रा समापन हुआ। इस दौरान महिलाओं ने कलश रखकर हीरामल जी के गोठियों के साथ डीजे पर नाचते-गाते चल रही थी। 27 फरवरी को समापन पर महामंडलेश्वर प्रहलाद दास कुंडा धाम, महामंडलेश्वर बनारसीदास जी महाराज अवधपुरी के सानिध्य में समापन होगा। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर हंसराज गुरुजी, जयराम पायला, महेश मीणा, नन्छुराम पायला, शैतान पायला, मदन सुद, रामु तंवर, जेपी पायला सहित कई लोग मौजूद थे।

### बारात नगर भ्रमण व महाआरती आज

**श्रीमाधोपुर**। पीपलेश्वर महादेव महाकाल सेवा संघ के कार्यक्रम सम्यक पूरण सिंह पवार गोलू पटवा ने बताया महाशिवरात्रि के अवसर पर आपके श्रीमाधोपुर में पहली बार पीपलेश्वर महादेव वार्ड न 23 पटवा मोहल्ला में भगवान शिव की उज्जैन से आए हुए कलाकारों द्वारा भस्म आरती प्रातः 4.30 पर शृंगार आरती 8.00 बजे होगी फिर भोलेनाथ की बारात नगर भ्रमण पर निकलेगी चौपड़ बाजार में महाआरती 6.15 होगी फिर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी जहां प्रसाद वितरण के साथ शयन आरती देखेंने को मिलेगी । जानकारी देते हुए मुकेश कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष विहिप ने नगर में हो रहे पहली बार भव्य आयोजन में सभी नगर वासियों से अनुरोध किया आप सभी अपने ईस्ट मित्रों परिवार सहित सभी कार्यक्रमों में शामिल हो कर पुण्य अर्जित करें।

### विरोध प्रदर्शन किया

**अलवर** । रामगढ़ उपखंड क्षेत्र में नाहरथला से शेरपुर तक बन रही डेढ़ किलोमीटर लंबी सडक़ में ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग में लेने का आरोप लगाया है। सडक़ 45 लाख रुपए की लागत से बन रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जब निर्माणाधीन सडक़ को हाथों से खोदकर देखा, तो वह आसानी से उखड़ गई और नीचे की मिट्टी दिखाई देने लगी।